999 | 14-03 | 88 pukey 08 | 11/05/26

# दिनांक 27.04.2026 को जिलाधिकारी, महोदय, प्रयागराज के अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज के अध्यक्षता में दिनांक 27.04.2026 को DWSM की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारीगण उपस्थित हुये :–

**1–मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।**
**2–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**3–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि०/यॉ०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**4–जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू०, प्रयागराज।**
**5–समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**6–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल० एण्ड टी० लि०, प्रयागराज।**
**7–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर० पुंगलिया लि०, प्रयागराज।**
**10–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी०ए०आई०पी०एल० (जे०वी०), प्रयागराज।**
**11–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल० सी० इन्फ्रा प्रा०लि०, अहमदाबाद।**
**13–टीम लीडर एवं डी०पी०एम०, मेघाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा०लि०,(टी०पी०आई०) प्रयागराज।**
**14–अन्य अधिकारी गण (जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य)।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की निम्नलिखित बिन्दुओ की समीक्षा की गयीः–

**1–भूमि की उपलब्धता :**

जनपद में जल जीवन मिशन एवं जल निगम ग्रामीण की पूर्व निर्मित 8 नग पेयजल योजनओं के नलकूप हेतु जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू० द्वारा अवगत कराया गया कि 18 स्थान पर स्थानीय अवरोध व स्थान पर भूमि अनुपलब्ध होने के कारण कब्जा नहीं मिल पा रहा है। जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू० को निर्देशित किया गया कि मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से सम्बंधित उपजिलाधिकारियों की वर्चुअल मीटिंग कराकर अनुपलब्ध/विवादित भूमि का निस्तारण कराए।

**2–जल जीवन मिशन फेज–2 में कार्यरत मेसर्स एल० एण्ड टी० लि० के कार्यों की समीक्षा–**

जनपद में फेज–2 के कार्य मेसर्स एल० एण्ड टी० लि०, चेन्नई द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें 664 नग पेयजल योजना का निर्माण किया जाना है।

- पी०एम० मेसर्स एल० एण्ड टी० लि० को स्पष्ट निर्देश दिए गये कि गर्मी का मौसम आ गया है रेगुलर वाटर सप्लाई बढ़ाये जिससे ग्रामीण जनता को लाभ मिल सके व लीकेज की समस्या को सुधार करने में विलम्ब न किया जाए इसे तत्काल सुधार किया जाए।
- मेसर्स एल० एण्ड टी० को शासन स्तर से डि–स्कोप किये जाने के कारण पी० एम० एल० एंड टी० द्वारा जो माइक्रो प्लान प्रस्तुत किया गया उसके लिए अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया है कि शासन से जो निर्देश प्राप्त होगा उसके अनुसार पालन करना सुनिश्चित करें।

**3–"जल जीवन मिशन फेज–4 में सतही स्रोत ग्राम समूह पेयजल योजनाओं (यमुना तथा गंगा) के कार्यो के समीक्षा–**

**(अ) सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना**–जनपद में फेज–4 के कार्य मेसर्स विष्णु प्रकाश आर० पुंगलिया लि०, जोधपुर, राजस्थान द्वारा कराया जा रहा है।

- डी० पी० एम० मेसर्स विष्णु प्रकाश आर० पुंगलिया लि०, जोधपुर, राजस्थान द्वारा अवगत कराया गया कि इन्टेक वेल का कार्य 70 प्रतिशत, WTP का कार्य 80 प्रतिशत और OHT का कार्य 74 के सापेक्ष 29 नग पूर्ण हुआ है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है।
- डी० पी० एम० मेसर्स विष्णु प्रकाश आर० पुंगलिया लि०, जोधपुर, को निर्देशित किया गया कि इन्टेक वेल के कार्य में प्रगति लाये व प्रगति 80 प्रतिशत से ऊपर ले जाए तथा जिन OHT की प्रगति 75 प्रतिशत से ऊपर है, उसे 90 प्रतिशत से ऊपर ले जाना सुनिश्चित करें और जो 75 प्रतिशत से नीचे है उसे 75 प्रतिशत से ऊपर ले जाना सुनिश्चित करें।
- पी०एम० मेसर्स विष्णु प्रकाश आर० पुंगलिया लि०, जोधपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में 429 नग लेबर की आवश्यकता है, परन्तु 71 नग लेबर ही कार्यरत है जिसको बढ़ाने हेतु फर्म को कड़े निर्देश दिये गये।
- डी० पी० एम० मेसर्स विष्णु प्रकाश आर० पुंगलिया लि०, जोधपुर, राजस्थान को निर्देशित किया गया कि FHTC कनेक्शन प्रदान करना सुनिश्चित करें जनपद प्रयागराज जल जीवन मिशन के अंतर्गत CM DASHBOARD पर इसकी प्रगति C कैटेगरी में है जो कि अत्यंत ही असंतोषजनक है।

**(ब)** सतही स्रोत (गंगा) ग्राम समूह पेयजल योजना–जनपद में फेज–4 के कार्य मेसर्स गजा जी०ए०आई०पी०एल० (JV)हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

जिलास्तरीय अधिकारीयों को ... निरीक्षण

- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि इन्टेक वेल का कार्य 62 प्रतिशत, WTP का कार्य 76 प्रतिशत और OHT का कार्य 115 के सापेक्ष 30 नग पूर्ण हुआ है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है।
- पी0 एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 को निर्देशित किया गया कि इन्टेक वेल के कार्य में तेजी लाये व प्रगति 80 प्रतिशत से ऊपर ले जाए तथा जिन OHT की प्रगति 75 प्रतिशत से ऊपर है, उसे 90 प्रतिशत से ऊपर ले जाना सुनिश्चित करें और जो 75 प्रतिशत से नीचे है उसे 75 प्रतिशत से ऊपर ले जाना सुनिश्चित करें।
- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में 795 नग लेबर की आवश्यकता है, परन्तु 419 नग लेबर ही कार्यरत है जिसको बढ़ाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया।
- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 को निर्देशित किया गया कि FHTC कनेक्शन प्रदान करना सुनिश्चित करें जनपद प्रयागराज जल जीवन मिशन के अंतर्गत CM DASHBOARD पर इसकी प्रगति C कैटेगरी में है जो कि अत्यंत ही असंतोषजनक है।

  डी0 पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान व पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 को निर्देशित किया गया कि डब्लू टी पी और इंटेक वेल का कार्य 100 प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें जिससे कि जहा पर ओ0 एच0 टी0 का कार्य पूर्ण हो गया है, वहां जलापूर्ति करने का प्रयास करें।

**4–<u>सड़क पुर्नस्थापना</u>–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सड़क पुर्नस्थापन का कार्य 99 % पूर्ण कराया जा चुका है। जिसमें मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 98.96 % मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान 99.30% मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)हैदराबाद 99.72 % द्वारा कार्य पूर्ण किया जा चुका है, कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया गया कि वर्षा ऋतु आने से पहले बचे हुए रोड रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराये टी0पी0आई0 इसकी गुणवत्ता की मानक सुनिश्चित करें।

**5–<u>टी0पी0आई0, मेघाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,प्रयागराज।</u>**

- जल जीवन मिशन के कार्यो के गुणवत्ता हेतु नामित टी0पी0आई0ए0 मेघाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0, प्रयागराज के टी0एल0 द्वारा बताया गया कि मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को कुल 16845 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 16077 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 768 N.C का निस्तारण शेष है, मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा का कुल 1073 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 843 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 223 N.C का निस्तारण शेष है व मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 द्वारा का कुल 1214 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 1105 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 109 N.C का निस्तारण शेष है, टी0एल0 टी0पी0आई0ए0 को निर्देशित किया गया कि बचे हुए N.C का निस्तारण कराये व सभी योजनाओं का लगातार अपनी टीम से व स्वयं भ्रमण करते रहे, कही भी गुणवत्ता व रोड रेस्टोरेशन के अपूर्ण होने की सूचना न प्राप्त हो इसे प्राथमिकता के आधार पर फर्मो से सम्पर्क कर कार्य कराना सुनिश्चित किया जाए।

**6–<u>अन्य बिन्दु</u>–**

- पी0एम0 मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा को निर्देशित किया गया कि जो योजनाये क्रियाशील नहीं है, उन्हें क्रियाशील कर जलापूर्ति सुनिश्चित करें व जहाँ आंशिक वाटर सप्लाई कर रहे है वहां पर पूर्ण रूप से वाटर सप्लाई कराना सुनिश्चित करें व साथ ही लीकेज की समस्या को सुधार करने में विलम्ब न किया जाये इसे तत्काल सुधार किया जाए।
- अधिशासी अभियंता (वि0/यॉ0) को निर्देशित किया गया कि अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से मुख्य अभियंता विद्युत को पत्र भिजवाना सुनिश्चित करें कि जहाँ जहाँ कार्यदायी संस्था द्वारा विद्युत संयोजन हेतु धनराशि जमा कर दी गई है वहाँ विद्युत संयोजन कराना सुनिश्चित करें।
- पी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0,पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 व मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थानको निर्देशित किया गया कि विद्युत संयोजन हेतु जहाँ–जहाँ धनराशि जमा कराना शेष है वहाँ धनराशि जमा कराना सुनिश्चित करें।
- अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि मुख्य विकास अधिकारी से 15 दिन पर जल जीवन मिशन की बैठक कराना सुनिश्चित करें इस बैठक में NC की गहनता से समीक्षा कराये।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर जिन डाटा की फीडिंग अधोहस्ताक्षरी के आई डी और पासवर्ड से हो रहा है उसके विषय में मुख्य विकास अधिकारी को समयँ–समयँ पर जानकारी अनिवार्य रूप से देते रहे।
- अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को निर्देशित किया गया कि अपने स्तर से भी जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक समयबद्ध रूप से करते रहें।

Scanned with OKEN Scanner

- जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि जिलास्तरीय अधिकारीयों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा नामित कराकर जल जीवन मिशन की योजनओं का निर्धारित बिन्दुओ पर निरीक्षण कराकर आख्या मगवाये व आगामी जिला पेयजल स्वच्छता समिति के बैठक मैं प्रस्तुत करें।
- अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय द्वारा पत्र–18/2026/674/छिहत्तर–1–2026 (2027542) के माध्यम से जल जीवन मिशन के समीक्षा हेतु जो दिशा निर्देश जारी किया गया है उक्त सभी बिन्दुओं का आगामी बैठक में विवरण प्रस्तुत करें।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि जल सारथी एप का जनपद में व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए जिससे कि जल जीवन मिशन से सम्बंधित शिकायतों से अवगत करा सके व उसका त्वरित निस्तारण कराया जा सकें।
- अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), को निर्देशित किया गया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से प्राप्त एफ0 टी0 के0 किट समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करें, नल जल मित्र व जल आकलन के साथ एफ0 टी0 के0 किट समयबद्ध वितरण हेतु जिला पंचायत राज्य अधिकारी से सहायता भी ले।
- जल जीवन मिशन के अंतर्गत पूर्ण की गयी योजनओं की सूची मा0 विधायक/ मा0 सांसद एवं जन प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने हेतु अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया।
- जल निगम ग्रामीण की पूर्व निर्मित योजनओं पर सुचारू रूप से जलपूर्ति कराने एवं बंद योजनओं को चालू कराने हेतु मे0एल0 सी0 इन्फ्रा को निर्देशित किया गया।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि जनपद प्रयागराज के पेयजल योजनओं के जल श्रोतो की स्थिरता का प्लान बनाकर प्रस्तुत किया जाए।

(मनीष कुमार वर्मा)
जिलाधिकारी
प्रयागराज।

पृ0सं0 / / दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
2–अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
3–अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,प्रयागराज।
4–महाप्रबन्धक, जलकल नगर निगम, प्रयागराज।
5–जिला पंचायतराज अधिकारी, प्रयागराज।
6–अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्र0/द्वि0, जार्ज टाउन/हण्डिया/फाफामऊ/मेजा, प्रयागराज।
7–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
8–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
9–जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।
10–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।
11–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (जे0वी0), प्रयागराज।
12–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।
13– प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा प्रा0 लि0, प्रयागराज।
14–टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।

जिलाधिकारी
प्रयागराज।

Scanned with OKEN Scanner